राजस्थान विश्वविद्यालय,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004

क्रमांकः उ.कु./गोपनीय/2025/ दिनांकः

# आवश्यक सूचना

## स्नातक/स्नातकोत्तर प्रायोगिक परीक्षा–2025

राजस्थान विश्वविद्यालय के संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्नातकोतर/स्नातक (पास/ऑनर्स/एडीशनल/डीफ, डम्ब एण्ड ब्लाईंड) विज्ञान, वाणिज्य तथा कला संकाय के नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्व परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षायें दिनांक 31.05.2025 तक निर्धारित केन्द्रों/महाविद्यालय पर सम्पन्न होंगी। स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र वेबसाईट www.univraj.org पर ऑनलाईन उपलब्ध होंगे। स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र अनिवार्य है। साथ ही नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु सम्बन्धित महाविद्यालय में संपर्क करें।

प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि सम्बन्धित प्राचार्य द्वारा निर्धारित की जायेगी। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि एवं बैच में ही सम्बन्धित विषय की प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होंगे। निर्धारित तिथि पर प्रायोगिक परीक्षा हेतु उपस्थित नहीं होने पर परीक्षार्थी को उक्त परीक्षा में अनुपस्थित मानकर परिणाम घोषित कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी। सम्बन्धित महाविद्यालय प्रायोगिक परीक्षा की तिथि की सूचना अपनी वेबसाईट एवं सूचनापट्ट पर तीन दिवस पूर्व अनिवार्य रूप से प्रकाशित करेंगे। प्रायोगिक परीक्षाओं से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट www.univraj.org एवं www.uniraj.ac.in का निरन्तर अवलोकन करें।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः उ.कु./गोपनीय/2025/1545–53 दिनांकः 17.5.2025

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. समस्त प्राचार्य, संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने का श्रम करावें।
3. जनसंपर्क अधिकारी, रा.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार जिलों (जयपुर एवं दौसा) के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर एवं दैनिक नवज्योति) के संस्करण में एक बार समाचार के रूप में प्रकाशित करवाने का श्रम करावें।
4. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. समस्त उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. समस्त अनुभाग अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उक्त दिशा–निर्देश परीक्षा केन्द्र के पोर्टल एवं ई–मेल आईडी पर भी भिजवाये।

सहायक कुलसचिव
(परीक्षा गोपनीय)